<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**08 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में अल नीनो के संभावित असर संबंधित तैयारियों की हुई समीक्षा। प्रधान सचिव ने पूरी स्थिति पर लगातार नजर रखने का दिया निर्देश।
- वाराणसी से आज शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। राज्य के करीब बारह लाख से अधिक लाभार्थियों को मिलेगी स्वास्थ्य सुरक्षा।
- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने कहा–मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और उनके उत्साह में नहीं आई है कोई कमी। चढ़ावा गबन मामले में दोषियों को मिलेगा दंड।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया प्रगति परियोजना का शुभारंभ

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ में कल एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में खरीफ सीजन की प्रगति और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर अल नीनो के संभावित असर को देखते हुए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने निर्देश दिया है कि पूरी स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए। राज्यों के साथ मिलकर उन जिलों पर मॉनसून या देर से आए मॉनसून के असर का आकलन किया जाए, जो ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर सुधार के लिए कदम उठाए जा सकें। यह भी निर्देश दिया गया कि चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं, साथ ही चारे के विकास के लिए योजनाएं बनाई जाएं और राज्यों के साथ मिलकर इस बारे में नियमित निगरानी की जाए। संवेदनशील जिलों में पीने के पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान निकालने के लिए मंत्रालयों को राज्यों के साथ मिलकर आपसी तालमेल से काम करना चाहिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसी पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति, कानून व्यवस्था और आगामी श्रावण मास की तैयारियों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। आज श्री योगी वाराणसी से ही मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना से प्रदेश में काम करने वाले 12 लाख शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री चित्रकूट में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रतापगढ़ में तीन सौ चौरासी करोड़ रूपये से अधिक की लागत की एक सौ ग्यारह विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने अपनी कार्यशैली से विकास को गति दी है।

**यह वही प्रदेश है। हमने यह डबल इंजन की भाजपा सरकार ने, एनडीए सरकार ने कोई अलग से नहीं किया। तंत्र वही, लोग वही, राज्य वही, केवल कार्य करने की स्टाइल बदली है। हर गरीब को उसका हक मिले, हर नौजवान का रोजगार पर अधिकार है, हर अन्नदाता किसान को शासन की योजना का लाभ मिले।**

मुख्यमंत्री ने कल ही सुल्तानपुर में आठ सौ उन्नीस करोड़ रूपये की लागत की निन्यानबे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रशस्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कनेक्टिविटी सुधार कर पूर्वांचल को विकास से जोड़ा है।

**अच्छी सरकार चुनती है तो सुरक्षा का माहौल खड़ा होता है। सुरक्षा का माहौल जब खड़ा होता है तो विकास भी होता है और आवागमन के लिए अच्छी सड़कें बनती हैं। अच्छी सड़कें केवल कनेक्टिविटी का आधार नहीं है, हमारी प्रगति का भी आधार बनती हैं।**

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा है कि मंदिर में चढ़ावा गबन मामले के बाद भी दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्याय होगा और दोषियों को दंड मिलेगा।

**यह सारा जो हुआ यह नेग्लिजेंस का परिणाम है। यह निगरानी न रखने का परिणाम है। सावधान न रहने का परिणाम है। हम लोगों को अब सावधान हो जाना चाहिए। पहले ही हो जाना चाहिए था लेकिन अब तो भी हो ही जाना चाहिए। यह निश्चय ट्रस्ट ने किया**

**है। बिल्कुल ठीक बात है। न्याय होगा, न्याय होना चाहिए और जो अपराधी है उनको दंड भी मिलना चाहिए क्योंकि यह अत्यंत गहरी चोट उन्होंने सारे राम भक्तों के अंतःकरण पर की है।**

इस मामले में श्री रामजन्म भूमि न्यास के महासचिव रहे चम्पत राय ने एक पत्र में कहा कि वह एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट जमा होने के बाद अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का जवाब देंगे। वहीं, मंदिर में चढ़ावा गबन मामले की जांच में अब पुलिस आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी।

**********

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ का कल 24वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी योग्यता पर भरोसा रखकर राष्ट्रहित में कार्य करने की जरूरत है। दीक्षांत समारोह में कुल 83 विद्यार्थियों को 84 पदक दिए गए। वहीं 62 हजार 537 विद्यार्थियों को डिग्री और 52 विद्यार्थियों छात्रों को पीएचडी अवॉर्ड भी प्रदान किए गए।

**********

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल प्रगति परियोजना का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य बीस हजार से अधिक कृषि उद्यमियों और 20 लाख किसानों को सशक्त बनाना है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विकास, समृद्ध गांवों और समृद्ध किसानों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

**प्रधानमंत्री जी के विजन के कारण भारत की कृषि तेजी से बदल रही है। विकसित भारत के लिए विकसित कृषि, समृद्ध गांव, समृद्ध किसान । सरकार अपने सारे प्रयत्न कर रही है लेकिन सरकार के साथ अगर बाकी संगठन जुड़ते हैं तो काम और तेजी से आगे बढ़ता है। और प्रगति कार्यक्रम के अन्दर यह तय किया है कि अभी तक 26 हजार कृषि उद्यमी ट्रेंड करके, छोटे–छोटे कृषि उद्यमी इन्होंने तैयार किए हैं, जो एक गांव में काम करते हैं और गांव की कृषि को बदलने के लिए सौ–दो सौ किसानों को साथ जोड़ते हैं।**

**********

प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल मिर्जापुर में बहुउद्देशीय खाद, बीज और प्रसार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को आधुनिक संसाधनों और तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है।

**बीस लाख रुपए के लगभग लागत से यहां पर किसान कृषि कल्याण केंद्र बनाया गया है। प्रदेश के भीतर लगभग 380 स्थानों पर हम लोग कृषि ब्लॉक विकास खंडों में यह बना रहे हैं। जिसमें से एक पहाड़ी ब्लॉक मिर्जापुर जनपद के भीतर लोकार्पण करने का अवसर मिला है। इतना भव्य भवन कभी भी किसी सरकार ने किसानों के बैठने के लिए नहीं दिया।**

**********

प्रदेश के अलग–अलग जिलों में बारिश और बूंदाबांदी का क्रम जारी है। लखनऊ, फर्रुखाबाद, शामली, बिजनौर, जौनपुर, गौतमबुद्ध नगर और हापुड़ सहित कई स्थानों पर कल बारिश दर्ज की गयी। गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की हवाओं के बीच बारिश के आसार बने हैं। पीलीभीत जिले में बीती रात से ही तेज बारिश हो रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

**********